प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 मंगलवार** **दिनांक 09.06.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार ने पिछले बारह वर्षों में देश के युवाओं, महिलाओं और किसानों को सशक्त बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

2– प्रदेश में आज से **''सीएम हेल्पलाइन''** सेवा शुरू–मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया शुभारंभ।

3– राज्य मंत्रिपरिषद ने चालू खरीफ सीजन से कृषक उन्नति योजना के नए स्वरूप को दी स्वीकृति।

और

4– राष्ट्र आज महान स्वतंत्रता सेनानी और धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।

..............

## प्रधानमंत्री–बारह वर्ष

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार ने पिछले बारह वर्षों में देश के युवाओं, महिलाओं और किसानों को सशक्त बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि एक सौ चालीस करोड़ नागरिकों के आशीर्वाद और राष्ट्र प्रथम की भावना से प्रेरित होकर सरकार विश्वास, विकास और जनकल्याण के लिए समर्पित है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन अथक प्रयासों के फलस्वरूप आज देश ने बुनियादी ढांचे से लेकर डिजिटल क्रांति तक वैश्विक मंच पर एक नई पहचान हासिल की है। श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि विकसित भारत के अपने संकल्प को साकार करने के लिए सरकार सेवा, सुशासन और समृद्धि के इस पथ पर निरंतर आगे बढ़ती रहेगी।

## विशेष कार्यक्रम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में एनडीए सरकार के बारह वर्ष पूरे होने पर आकाशवाणी केन्द्र रायपुर के प्रादेशिक समाचार एकांश द्वारा पंद्रह मिनट अवधि का एक विशेष कार्यक्रम तैयार किया गया है। इस कार्यक्रम का प्रसारण आज रात आठ बजकर पंद्रह मिनट से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र एक साथ रिले करेंगे।

## सीएम हेल्पलाइन सेवा

प्रदेश में आज से **"सीएम हेल्पलाइन"** सेवा शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंत्रालय से इस सेवा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अब नागरिक अपनी शिकायतें, सुझाव और समस्याएं टोल फ्री नंबर – **एक शून्य सात छह**, मोबाइल ऐप और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से सीधे दर्ज करा सकेंगे। प्रत्येक शिकायतकर्ता को यूनिक आईडी प्रदान की जाएगी, जिससे उसके आवेदन की ट्रैकिंग, मॉनिटरिंग और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित हो सके। श्री साय ने कहा कि इस सेवा के माध्यम से लोग प्रदेश के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव भी सीधे सरकार तक पहुंचा सकेंगे।

## मंत्रिपरिषद–निर्णय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में किसानों के साथ ही ऊर्जा, परिवहन, खनिज और सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मंत्रिपरिषद ने छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड को आईपीओ के जरिए शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने की सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। साथ ही चालू खरीफ सीजन से कृषक उन्नति योजना के नए स्वरूप को भी स्वीकृति दी है। इसके अलावा प्रदेश में दो सौ चालीस इलेक्ट्रिक बसों के संचालन, योग विषय

के प्रशासनिक पुनर्गठन और खनिज परिवहन व्यवस्था को तकनीक आधारित बनाने जैसे अहम निर्णय लिए गए।

बैठक के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने बताया कि कृषक उन्नति योजना का लाभ एकीकृत किसान पोर्टल, एग्रीस्टेक पंजीयन और डिजिटल क्रॉप सर्वे के आधार पर दिया जाएगा।

वहीं, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को चालू वित्तीय वर्ष में चना उपलब्ध कराने का भी निर्णय लिया गया है। इसके अलावा मंत्रिपरिषद ने 'योग' विषय को समाज कल्याण विभाग से हटाकर चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत लाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। साथ ही प्रधानमंत्री ई–बस सेवा योजना के क्रियान्वयन के लिए पेमेंट सिक्योरिटी मैकेनिज्म स्कीम के तहत डायरेक्ट डेबिट मैंडेट की सहमति केन्द्र सरकार को भेजने की अनुमति दी है।

इस निर्णय से रायपुर, दुर्ग–भिलाई, बिलासपुर और कोरबा में स्वीकृत दो सौ चालीस इलेक्ट्रिक बसों के संचालन का मार्ग प्रशस्त होगा।

## राष्ट्रपति–वीरता पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सेना, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, पुलिस बलों और केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस कर्मियों को वीरता पुरस्कार प्रदान किए। ये पुरस्कार कल राष्ट्रपति भवन में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह में प्रदान किए

गए। छत्तीसगढ़ के तीन लोगों को राष्ट्रपति ने शौर्य चक्र से सम्मानित किया है। इनमें असम राइफल के राइफलमैन भोजराम साहू के साथ ही छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान बहादुरी और नेतृत्व क्षमता का परिचय देने वाले पुलिस निरीक्षक लक्ष्मण केवट और निरीक्षक रामेश्वर देशमुख शामिल हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि ये पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है।

## पश्चिम एशिया संघर्ष

केन्द्र सरकार ने कहा है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के बावजूद देश में कच्चे तेल, एल.पी.जी. और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। नई दिल्ली में अंतर–मंत्रालयी प्रेस वार्ता में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अपर सचिव प्रवीण खन्नूजा ने बताया कि देशभर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि ईंधन की निर्बाध आपूर्ति और ऊर्जा सुरक्षा बनाए रखने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं। रसायन और उर्वरक मंत्रालय की अपर सचिव अपर्णा शर्मा ने कहा कि देश में उर्वरकों का भंडार भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान को आज दस वर्ष पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि

प्रत्येक शिशु को गर्भावस्था के हर चरण में सुरक्षित, स्वस्थ और सम्मानजनक देखभाल का अधिकार है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में सरकार ने लाखों गर्भवती महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य जांच, विशेषज्ञ परामर्श और बेहतर मातृ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करके सुरक्षित मातृत्व को एक जन आंदोलन बना दिया है।

## भगवान बिरसा मुंडा–पुण्यतिथि

आज पूरा देश महान स्वतंत्रता सेनानी और धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जल, वन और भूमि की रक्षा के लिए विदेशी शासन के विरुद्ध अदम्य साहस से संघर्ष किया। श्री मोदी ने कहा कि उनका सम्पूर्ण जीवन जनजातीय समुदाय के आत्मसम्मान, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित था।

## धान खरीदी गबन–आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद जिले की बसना पुलिस ने धान खरीदी में करीब साढ़े चार करोड़ रुपये के गबन मामले में लंबे समय से फरार दो मुख्य आरोपियों को

गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति पिरदा में वर्ष दो हजार बीस–इक्कीस के दौरान सत्रह हजार दो सौ दस क्विंटल से अधिक धान की हेराफेरी की गई थी। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर तत्कालीन व्यवस्थापक कन्हाई सेठ और सेल्समैन राजकुमार पटेल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। गौरतलब है कि इस मामले में दो आरोपियों की गिरफ्तारी पहले ही की जा चुकी है।

**<u>मौसम</u>**

मौसम विभाग के अनुसार मानसून दो से तीन दिन में छत्तीसगढ़ में दस्तक दे देगा। मौसम विज्ञानी डॉक्टर गायत्री वाणी ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि मानसून अगले दो–तीन दिन में बस्तर पहुंच जाएगा।

**<u>संक्षिप्त समाचार</u>**

– उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने सुकमा में विकास कार्यों और विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

– अंतर्राष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस के अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल द्वारा छह से बारह जून तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज रायपुर के मंडल रेल प्रबंधक दयानंद के नेतृत्व में वॉकथन का आयोजन किया गया।

–    दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक विजय कुमार ने कल बिलासपुर, रायपुर और नागपुर मंडल के सात कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रषस्ति–पत्र और नगद पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर दृष्टिबाधित टिकट परीक्षक रानी सोनवानी को यात्रियों की सहायता और मार्गदर्षन में उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए सम्मानित किया गया।

–    बलरामपुर जिले में कुंदीकला गांव के बांधपारा जंगल में आज हाथी के हमले में एक दंपत्ति की मौत हो गई। यह घटना राजपुर वन परिक्षेत्र की बताई जा रही है। वन विभाग और पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरु कर दी है।

और

–    गरियाबंद जिले के कुरुसकेरा गांव स्थित पैरी नदी में रेत के अवैध उत्खनन  के मामले में खनिज विभाग की टीम ने तीन चैन माउंटेन मशीन और एक हाईवा  को जब्त किया है। साथ ही खदान संचालक और मशीन मालिकों को नोटिस जारी किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>